झारखंड
Jharkhand

धनबाद में कंपनी के नमक के नकली कारोबार का भंडाफोड़, हिरासत में संचालक

धनबाद: जिला में नामी ब्रांड के नाम पर लोगों की सेहत और भरोसे से खिलवाड़ करने वाले एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है. धनसार थाना क्षेत्र में पुलिस और नमक कंपनी के प्रतिनिधियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कथित अवैध पैकिंग यूनिट पर छापेमारी की.

यहां साधारण नमक को कंपनी के नाम के रैपर में पैक करके बाजार में बेचे जाने का आरोप है. इस कार्रवाई में मौके से भारी मात्रा में नमक, फर्जी पैकिंग सामग्री और मशीनें बरामद की गई हैं. मामले में गोदाम संचालक शुभम अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/police-busted-fake-salt-manufacturing-racket-in-dhanbad-jhs26062507218